भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 622

गुरूवार, 02 दिसम्बर, 2021/11 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

अशोक होटल और सम्राट होटल को पट्टे पर दिया जाना

622. श्री के. आर. सुरेश रेड्डीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन योजना के अंतर्गत दिल्ली में भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा 90 वर्षों से संचालित अशोक होटल और सम्राट होटल को पट्टे पर देने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसमें से सरकार का क्या हासिल करने का लक्ष्य है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): प्रस्ताव केवल होटल अशोक, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली के दीर्घावधि उप-लाइसेंस/60 वर्ष की रियायत अवधि के साथ सम्पत्ति मुद्रीकरण के लिए है। होटल सम्राट के मुद्रीकरण का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख): यह प्रक्रियाधीन है।

(ग): उपलब्ध सम्पत्तियों का बेहतर रूप से उपयोग करना।

****